# नगर पंचायत तलाई, तहसील झण्डुता, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 1.4.2015 से 31.3.2017

## भाग–एक

**1 प्रारम्भिकः–**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255 (1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या 1–376/81–फिन (एल0ए0) खण्ड–IV, दिनांक 16.10.2008 द्वारा नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग (हिमाचल प्रदेश) को सौंपे जाने के दृष्टिगत नगर पंचायत तलाई, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं अवधि 1.4.2015 से 31.3.2017 का अंकेक्षण कार्य किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान नगर पंचायत तलाई में निम्नलिखित प्रधान तथा सचिव तैनात थेः–**

**प्रधानः–**

| क्र0सं0 | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सरोज कुमारी | 1.4.2015 से 17.1.2016 |
| 2 | श्री बलदेव सिंह स्याल | 18.1.2016 से 31.3.2017 |

**सचिवः–**

| क्र0सं0 | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री अशोक कुमार शर्मा | 1.4.15 से 21.7.16 |
| 2 | श्री संजय कुमार (अतिरिक्त कार्यभार) | 1.8.15 से 6.9.16 |
| 3 | श्री ओम प्रकाश शर्मा | 6.9.16 से 31.3.17 |

**(ख)** नगर पंचायत तलाई के लेखाओं अवधि 1.4.2015 से 31.3.2017 तक के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार निम्नलिखित हैः–

| क्र0सं0 | अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | पैरा सं0 | (₹) लाखों में |
|---|---|---|---|
| 1 | निवेशित राशियों पर प्राप्त ब्याज में से बैंकों द्वारा काटे गये टी0डी0एस0 की वसूली न करना | 7 | 1.64 |
| 2 | दिनांक 31.3.2017 को अनुदानों की अनुपयुक्त राशि | 8 (क) | 399.32 |
| 3 | संस्थापना पर अनाधिकृत व्यय | 9 | 19.62 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | गृहकर राशि की वसूली न करना | 10 (क) | 25.27 |
| 5 | दुकानों के किराये की बकाया राशि की वसूली बारे | 11 (क) | 0.67 |
| 6 | पंचायत द्वारा वेतन पर अधिक भुगतान बारे | 12 | 3.13 |
| 7 | पंचायत द्वारा कर्मचारियों को अनियमित रूप से सुनिश्चित प्रगतिशील योजना 4–9–14 के अन्तर्गत लाभ प्रदान करने पर अधिक भुगतान | 13 | 1.72 |
| 8 | रैहन बसेरा की आय की वसूली न करना | 14 | 0.12 |
| 9 | मोबाईल टावरों की स्थापना एवं नवीनीकरण शुल्क की वसूली न करने बारे | 22 | 0.13 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–**

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के उपरान्त नवीनतम स्थिति इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "क"** पर दर्शाई गई है। प्रायः यह देखने में आया है कि गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर पंचायत द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी जो अत्यन्त चिन्ताजनक है। अतः नगर परिषद इन लम्बित पैरों के निपटारे हेतु विशेष अभियान/कार्रवाई करनी सुनिश्चित करें तथा अनुपालना से यथा सम्भव इस विभाग को अवगत करें ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारंण सम्भव हो सके।

## भाग–दो

## 2 वर्तमान अंकेक्षणः–

नगर पंचायत तलाई, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं अवधि 1.4.2015 से 31.3.2017 तक का अंकेक्षण श्री चम्बेल सिंह परमार, सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) व श्री पुनीत शर्मा (आर्टिकल सहायक) द्वारा दिनांक 30.8.2017 से 28.9.2017 तक के दौरान तलाई में किया गया। विस्तृत जाँच हेतु आय के लिए माह 3/2016, 3/2017 तथा व्यय के लिए माह 7/2015, 1/2017 के लेखाओं का चयन किया गया जिसके परिणामों को आगामी पैरों में दर्शाया गया है। आगामी पैराग्राफों में दर्शाए गए अभिलेख के अतिरिक्त समस्त अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत किये गये।

नगर पंचायत तलाई के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण सचिव नगर पंचायत द्वारा प्रेषित सूचनाओं/उपलब्ध अभिलेख के आधार पर किया गया है। किसी प्रकार की अधूरी व छुपाई गई सूचनाओं के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। अंकेक्षण का दायित्व केवल विस्तृत जाँच हेतु चयनित मासों तक ही सीमित होगा।

## 3 अंकेक्षण शुल्कः—

नगर पंचायत तलाई, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश के अवधि 1.4.2015 से 31.3.2017 तक के लेखाओं के अंकेक्षण का अंकेक्षण शुल्क ₹31400 बनता है। सचिव, नगर पंचायत तलाई को सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) की अधिसूचना संख्या 258 दिनांक 27.9.2017 द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि को बैंक ड्राफ्ट द्वारा निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को भेजने का आग्रह किया गया। नगर पंचायत द्वारा उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को भारतीय स्टेट बैंक शाखा तलाई के बैंक चैक संख्या 338123 दिनांक 29.9.2017 द्वारा प्रेषित कर दी गई।

## 4 वित्तीय स्थितिः—

**(क)** नगर पंचायत तलाई, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति निम्नलिखित है विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "ख"** में भी दिया गया है।

| क्र0सं0 | विवरण | 2015—16 | 2016—17 |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रारम्भिक शेष | 43662369.44 | 44973677.16 |
| 2 | वर्ष के दौरान बचत खातों व सावधि जमा योजना पर अर्जित ब्याज | 3216000.72 | 3155793.00 |
| 3 | वर्ष के दौरान प्राप्त अनुदान राशि | 4904728.00 | 6038359.00 |
| 4 | वर्ष के दौरान स्वयं स्त्रोतों से प्राप्त आय | 1921679.00 | 2957879.00 |
| 5 | कुल जमा राशि | 53704777.16 | 57125708.16 |
| 6 | वर्ष के दौरान व्यय राशि | 8731100.00 | 10550328.87 |
| 7 | शेष राशि | 44973677.16 | 46575379.29 |

**(ख) बैंक समाधान विवरणिकाः—**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | रोकड़ बही के अनुसार दिनांक 31.3.2017 को अन्तशेष | 46575379.29 |
| (ii) | दिनांक 31.3.2017 तक रोकड़ बही में दर्ज भुगतान (व्यय) के चैक परन्तु बैंक में भुगतान हेतु प्रस्तुत नहीं किये गये | (+) 7920.00 |
| (iii) | दिनांक 31.3.2017 को हस्तगत राशि | (—) 13001.00 |
| (iv) | दिनांक 31.3.2017 को शुद्ध राशि | 46570298.29 |
| (v) | दिनांक 31.3.2017 को बैंकों व सावधि जमा योजना में निवेशित राशि का अन्तशेष (₹) | 46570298.29 |

**(ग)** दिनांक 31.3.2017 को रोकड़ बही में दर्ज व्यय के चैक परन्तु भुगतान हेतु बैंक में प्रस्तुत नहीं किये गये का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | दिनांक | चैक नं0 | (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 28.3.2017 | 148733 | 7920 |

**(घ) दिनांक 31.3.2017 को रोकड़ बही के अनुसार हस्तगत राशि का विवरण निम्नलिखित है:–**

| क्र0सं0 | दिनांक | विवरण | रसीद संख्या | राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 31.3.2017 | गृहकर | 10/86 | 3001 |
| 2 | 31.3.2017 | दुकान किराया | 11/86 | 4000 |
| 3 | 31.3.2017 | गृहकर | 49/87 | 5000 |
| 4 | 31.3.2017 | पंचायत क्षेत्र में लंगर लगाने हेतु आज्ञा पत्र | 50/87 | 1000 |
| | | **योग (हस्तगत राशि)** | | **₹13001** |

**(ङ)** दिनांक 31.3.2017 को नगर पंचायत तलाई के बचत खातों व सावधि जमा योजना में निवेशित राशियों का अन्तशेष निम्नलिखित है:–

| क्र0सं0 | बैंक खाता सं0 | बैंक का नाम | अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 11710104001 | हि0प्र0 राज्य सहकारी बैंक शाखा तलाई | 1450539.13 |
| 2 | 11710104023 | –यथोपरि– | 272261.00 |
| 3 | 11710104003 | –यथोपरि– | 11195.00 |
| 4 | 11513219768 | भारतीय स्टेट बैंक शाखा तलाई | 2783749.81 |
| 5 | 11513219791 | –यथोपरि– | 13531.35 |
| 6 | 88850100007023 | हि0प्र0 ग्रामीण बैंक शाखा तलाई | 174982.00 |
| 7 | सावधि जमा योजना में दिनांक 31.3.2017 तक निवेशित राशि | | 41863540.00 |
| | | **योग** | **(₹) 46570298.29** |

**(च) सावधि निवेशः–**

नगर पंचायत तलाई द्वारा दिनांक 31.3.2017 तक ₹41863540 सावधि जमा योजना में निवेशित की गई विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "घ"** में भी दिया गया है।

| क्र0सं0 | एफ0डी0आर0 सं0 | निवेशित दिनांक | निवेशित राशि | ब्याज दर % | अवधि | परिपक्वता की तिथि | परिपक्वता (₹) | बैंक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33646486070 | 19.9.16 | 6372282 | 7.15% | 1 वर्ष | 19.9.17 | 6840263 | भारतीय स्टेट बैंक शाखा तलाई |
| 2 | 33646723873 | 19.9.16 | 6372282 | 7.15% | 1 वर्ष | 19.9.17 | 6840263 | –यथोपरि– |
| 3 | 33646733665 | 19.9.16 | 7890683 | 7.15% | 1 वर्ष | 19.9.17 | 8470175 | –यथोपरि– |
| 4 | 33944899086 | 1.3.17 | 6347212 | 6.90% | 1 वर्ष | 1.3.18 | 6796633 | –यथोपरि– |
| 5 | 33794899790 | 1.3.17 | 6347212 | 6.90% | 1 वर्ष | 1.3.18 | 6796633 | –यथोपरि– |
| 6 | 11730100658 | 13.9.16 | 8533869 | 7.50% | 1 वर्ष | 13.9.17 | 9175224 | हि0प्र0 राज्य सहकारी बैंक सीमित शाखा तलाई |
| | | योग | ₹41863540 | | | | 44919191 | |

**नोटः–** सावधि जमा में निवेशित राशियों को उनकी परिपक्वता तिथि को बैंक से भुनाना/पुनः निवेशित किया जाना सुनिश्चित करें।

## 5 गत तीन वर्षों की आय तथा व्यय विवरणीः–

नगर पंचायत तलाई की गत तीन वर्षों की आय तथा व्यय का विवरण निम्न प्रकार से है, जिसमें अनुदानों/स्वःस्त्रोतों एवं ब्याज इत्यादि से प्राप्त आय के अतिरिक्त सम्बन्धित वर्ष में किए गए व्यय का विवरण सम्मिलित है।

| क्र0सं0 | विवरण | 2014–15 | 2015–16 | 2016–17 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रारम्भिक शेष | 40234557.44 | 43662369.44 | 44973677.16 |
| 2 | विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त आय | 11552470.00 | 10042407.72 | 12152031.00 |
| 3 | कुल जमा राशि | 51787027.44 | 53704777.16 | 57125708.16 |
| 4 | वर्ष के दौरान व्यय राशि | 8127022.00 | 8731100.00 | 10550328.87 |
| 5 | अंकेक्षण प्रतिवेदन 4/96 से 3/05 की वित्तीय स्थिति के अनुसार अन्तर की राशि | (+) 2364.00 | – | – |
| 6 | अन्तशेष | 43662369.44 | 44973677.16 | 46575379.29 |

## 6 पैन्शन व उपदान निधिः–

नगर पंचायत तलाई के पैन्शन तथा उपदान निधि की अवधि 1.4.2015 से 31.3.2017 तक की वित्तीय स्थिति निम्नलिखित है, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "ग"** में भी दिया गया है।

**(क) पैन्शन निधि**

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष | ब्याज | आय | कुल जमा | व्यय | अन्तशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2014–15 | 1841280 | 157540 | 225384 | 2224204 | – | 2224204 |
| 2015–16 | 2224204 | 26505 | 132604 | 2383313 | – | 2383313 |
| 2016–17 | 2383313 | 325339 | 130992 | 2839644 | 543827 | 2295817 |

**अन्तशेष का विवरणः—**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | रोकड़ बही में दिनांक 31.3.2017 को अन्तशेष | ₹2295817 |
| (ii) | बैकों में जमा शेष राशि बैंक खाता संख्या 11710104024 में जमा राशि | ₹346301 |
| (iii) | पैन्शन निधि से सावधि जमा योजना में निवेशित राशि | ₹1949516 |
| | योग | ₹2295817 |

**(ख) उपदान निधिः—**

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष | ब्याज | आय | कुल जमा | व्यय | अन्तशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2014—15 | 764997 | 58967 | 93906 | 917870 | — | 917870 |
| 2015—16 | 917870 | 16219 | 55248 | 989337 | — | 989337 |
| 2016—17 | 989337 | 113562 | 54576 | 1157475 | 221589 | 935886 |

**अन्तशेष का विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | रोकड़ बही में दिनांक 31.3.2017 को अन्तशेष | ₹935886 |
| (ii) | बैकों में जमा शेष राशि बैंक खाता संख्या 11710104025 में जमा राशि | ₹286047 |
| (iii) | उपदान निधि से सावधि जमा योजना में निवेशित राशि | ₹649839 |
| | **योग** | **₹935886** |

**(ग) पैन्शन व उपदान निधि से सावधि जमा विवरणीः—**

नगर पंचायत तलाई द्वारा दिनांक 31.3.2017 को पैन्शन व उपदान निधि से सावधि जमा योजना में निवेशित राशि का विवरण निम्नलिखित है विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "ङ"** में भी दिया गया है।

**(i) पैन्शन निधिः—**

| क्र0 सं0 | एफ0डी0आर0 सं0 | निवेश की तिथि | निवेशित राशि (₹) | ब्याज दर % | अवधि | परिपक्वता की तिथि | परिपक्वता (₹) | बैंक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11730302785 | 15.5.14 | 1639625 | 8.75% | 2 वर्ष | 15.5.16 | 1949516 | हि0प्र0 राज्य सहकारी बैंक शाखा तलाई |
| 2 | 11730302785 | 15.5.16 | 1949516 | 7.50% | 2 वर्ष | 15.5.18 | 2261871 | —यथोपरि— |

**(ii) उपदान निधि**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11730302786 | 14.5.14 | 546542 | 8.75% | 2 वर्ष | 14.5.16 | 649839 | हि0प्र0 राज्य सहकारी बैंक शाखा तलाई |
| 2 | 11730302786 | 14.5.16 | 649839 | 7.50% | 2 वर्ष | 14.5.18 | 753957 | –यथोपरि– |

**नोटः–** पैन्शन व उपदान निधि से सावधि जमा में निवेशित राशियों को उनकी परिपक्वता तिथि को बैंक से भुनाना/पुनः निवेशित किया जाना सुनिश्चित करें।

**7 नगर पंचायत द्वारा करवाई गई निवेशित राशियों पर प्राप्त ब्याज में से विभिन्न बैंकों द्वारा स्त्रोत पर काटे गये टी0डी0एस0 की ₹1.64 लाख की वसूली न करनाः–**

अंकेक्षण में जाँच के दौरान पाया गया कि पंचायत द्वारा निम्नविवरणानुसार विभिन्न बैंकों में राशियाँ निवेशित की गई थी तथा निवेशित राशियों की परिपक्वता की तिथि पर सम्बन्धित बैंकों द्वारा टी0डी0एस0 ₹163742 काटा गया परन्तु पंचायत द्वारा काटे गये कुल टी0डी0एस0 की राशि को सम्बन्धित विभाग से वापिस प्राप्त नहीं किया गया है। अतः अनुपालना हेतु राय दी जाती है कि नगर पंचायत प्रशासन सम्बन्धित बैंकों से सम्पर्क करते हुये स्त्रोत पर काटे गये टी0डी0एस0 ₹163742 की वापिसी हेतु समुचित कदम उठाये।

| क्र0सं0 | एफ0डी0आर0 सं0 | परिपक्वता की तिथि | परिपक्वता पर देय राशि | प्राप्त राशि | स्त्रोत पर काटे गये कर की राशि | बैंक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33646486070 | 19.9.16 | 6393970 | 6372282 | 21688 | भारतीय स्टेट बैंक शाखा तलाई |
| 2 | 33646723873 | 19.9.16 | 6393970 | 6372282 | 21688 | –यथोपरि– |
| 3 | 33646733665 | 19.9.16 | 7917538 | 7890683 | 26855 | –यथोपरि– |
| 4 | 33944899086 | 1.3.17 | 6387869 | 6347212 | 40657 | –यथोपरि– |
| 5 | 33794899790 | 1.3.17 | 6387869 | 6347212 | 40657 | –यथोपरि– |
| 6 | 33795684922 | 1.3.17 | 1916361 | 1904164 | 12197 | –यथोपरि– |
| | | | | **योग** | **₹163742** | |

**8 अनुदानः–**

**(क)** नगर पंचायत तलाई द्वारा अवधि 1.4.2015 से 31.3.2017 तक के दौरान प्राप्त अनुदान व व्यय की गई राशि तथा अन्तशेष का विवरण निम्नलिखित है विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "च"** में भी दिया गया है।

| वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | वर्ष के दौरान प्राप्त अनुदान (₹) | कुल जमा (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2014–15 | 38296125 | 6094280 | 44390405 | 512188 | 39268521 |
| 2015–16 | 39268521 | 4904728 | 44173249 | 4194374 | 39978875 |
| 2016–17 | 39978875 | 6038359 | 46017234 | 6085048 | 39932186 |

**(ख) दिनांक 31.3.2017 तक सरकारी अनुदान ₹399.32 लाख व्यय हेतु शेषः–**

नगर पंचायत द्वारा अवधि 1.4.2015 से 31.3.2017 के दौरान प्राप्त अनुदानों व इस अवधि में किए गए व्यय तथा व 31.3.2017 को पाये गये अन्तशेष व पूर्व में अनुपयुक्त अनुदान राशियों का विवरण **परिशिष्ट "छ"** पर विस्तार से दिया गया है। वर्ष 2014–15 से पूर्व अवधि के अनुदानों की शेष ₹39268521 में से वर्ष 2015–16 के दौरान ₹3202722 व वर्ष 2016–17 के दौरान ₹65925 व्यय की गई थी, ₹35999874 दिनांक 31.3.2017 को व्यय हेतु शेष थी।

वर्ष 2015–16 के दौरान विभिन्न स्त्रोतों से ₹4904728 अनुदान के रूप में प्राप्त हुई जिसमें से ₹991652 वर्ष 2015–16 के दौरान व ₹3568581 वर्ष 2016–17 के दौरान व्यय की गई तथा ₹344495 दिनांक 31.3.2017 को अनुपयुक्त थी।

इसके अतिरिक्त वर्ष 2016–17 के दौरान विभिन्न स्त्रोतों से अनुदान के रूप में ₹6038359 प्राप्त हुई जिसमें से वर्ष 2016–17 के दौरान ₹2450542 व्यय की गई तथा ₹3587817 दिनांक 31.3.2017 को अनुपयुक्त थी।

उपरोक्त विवरणानुसार दिनांक 31.3.2017 को ₹39932186 (₹35999874 + ₹344495 + ₹3587817) अनुपयुक्त थी। अतः अनुदान राशियों को सम्बन्धित वर्षों में व्यय न किए जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा शेष राशियों को अविलम्ब नियमानुसार समयबद्ध व्यय किए जाने बारे ठोस पग उठाये जाये अन्यथा अनुपयुक्त राशियों को सम्बन्धित संस्था/विभाग को लौटाया जाना सुनिश्चित करें।

**(ग)** अनुदान रजिस्टर के अवलोकन करने पर पाया गया कि अनुदान रजिस्टर में यह नहीं दर्शाया गया था कि अनुदान की राशि से किस उद्देश्य हेतु कितना व्यय किया गया है न ही विभिन्न अनुदान राशियों से किए गए व्यय के सम्बन्ध में वाउचरों का विवरण दिया गया था कि किस वाउचर द्वारा कितना व्यय किया गया है। अनुदान रजिस्टर का उचित प्रकार से रख–रखाव न करने के कारण यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि अनुदान राशियों से

किया गया व्यय सही उद्देश्य हेतु किया गया है। अतः अनुदान रजिस्टर का रख–रखाव उचित प्रकार से करके अनुदान रजिस्टर व्यय के सम्बन्ध में वाउचर संख्या दिनांक व व्यय का उद्देश्य लिखकर अनुपालना से इस विभाग को आगामी अंकेक्षण के दौरान अवगत करवाया जाए।

## 9 संस्थापना पर अनाधिकृत रूप से ₹19.62 लाख का अधिक व्ययः–

हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1994 के नियम 53 (1) तथा निदेशक शहरी विकास के कार्यालय पत्र संख्या यू0एल0बी0–एच (ए) 1–87/9237–84 दिनांक 20.6.2001 में दिये गये निर्देशों के अनुरूप नगर पंचायतों में संस्थापना पर कुल व्यय का 1/3 भाग व्यय करने हेतु सीमित किया गया था परन्तु नगर पंचायत तलाई द्वारा अंकेक्षण के दौरान निम्नविवरणानुसार ₹1962537 का निर्धारित सीमा से अधिक व्यय किया गया है।

| **वर्ष** | **कुल व्यय** | **अपेक्षित 1/3rd स्थापना व्यय** | **वास्तवकि स्थापना व्यय** | **निर्धारित सीमा से अधिक व्यय की गई राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 2015–16 | 8731100 | 2910367 | 4396823 | 1486456 |
| 2016–17 | 10550328 | 3516776 | 3292857 | 476081 |
| | **निर्धारित सीमा से अधिक व्यय की राशि** | | | **1962537** |

अतः स्थापना पर निर्धारित सीमा से अधिक व्यय की राशि का सक्षम अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करके नियमितिकरण करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## 10 नगर पंचायत द्वारा गृहकर ₹25.27 लाख की वसूली न करनाः–

**(क)** नगर पंचायत तलाई द्वारा जारी विवरणानुसार दिनांक 31.3.2017 तक गृहकरदाताओं से ₹2527169 वसूली हेतु शेष थी। इस राशि का पूर्ण विवरण **परिशिष्ट "ज"** में दिया गया है। नगर पंचायत द्वारा गृहकर की बकाया राशि को नियमित रूप से प्राप्त करने हेतु ठोस कार्यवाही नहीं की गई। नगर पंचायत द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 87 व 89 में दिये गये प्रावधानों के अनुसार गृहकर की बकाया राशि की वसूली न किये जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाये। उपरोक्त के अतिरिक्त निम्न विवरणानुसार गृहकर ₹768551 कई वर्षों से वसूली हेतु लम्बित थी जबकि निदेशक, शहरी विकास के पत्र संख्या यू0एल0बी0 (ए) 1/87–9237–9284 दिनांक 20.6.2001 द्वारा करों को शत/प्रतिशत वसूली हेतु निर्देश जारी

किये गये थे। अतः गृहकर की समस्त राशि की वसूली हेतु समुचित कार्रवई करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**वार्ड नं0 3**

| क्र0सं0 | नाम | गृहकर निर्धारण सं0 | वार्षिक गृहकर (₹) | दिनांक 31.3.2017 को गृहकर बकाया (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री ओंकार चन्द | 37 | 2430 | 33213 |
| 2 | श्री जय गोपाल | 39 | 3375 | 39127 |
| 3 | श्रीमती सरोज मल्होत्रा | 57 | 3004 | 41051 |
| 4 | श्री छोटा राम | 89 | 2160 | 29522 |
| | | | **योग** | **₹142913** |

**वार्ड नं0 4**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री गूँजा राम | 27 | 2025 | 27677 |
| 2 | श्री सुकां राम | 29 | 2700 | 36902 |
| 3 | श्रीमती कमला चन्देल | 75 | 3375 | 46127 |
| 4 | श्रीमती केसरी देवी | 89 | 2160 | 29522 |
| 5 | श्री सीता राम | 111 | 2160 | 29522 |
| 6 | श्री प्यारे लाल | 129 | 2835 | 35717 |
| 7 | श्री गुरूवत्स | 141 | 2025 | 27677 |
| 8 | श्री भगत राम | 221 | 2808 | 31160 |
| | | | **योग** | **₹264304** |

**वार्ड नं0 5**

| क्र0सं0 | नाम | गृहकर निर्धारण सं0 | वार्षिक गृहकर (₹) | दिनांक 31.3.2017 को गृहकर बकाया (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री निकु राम | 1 | 2700 | 36902 |
| 2 | श्री बी0आर0 वर्मा | 9 | 2025 | 27677 |
| 3 | श्रीमती नरेन्द्र पाल | – | 10125 | 60750 |
| 4 | श्री गुरूदास सिंह | 125 | 1620 | 21642 |
| | | | **योग** | **₹146971** |



N.P. Talai

**वार्ड नं0 6**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रमेश चन्द | 43 | 2025 | 27177 |
| 2 | श्री बीरबल राम | 53 | 2025 | 27477 |
| 3 | श्रीमती बिमला देवी | 65 | 2700 | 36902 |
| 4 | श्री केदार नाथ | 131 / 133 | 1890 | 25832 |
| 5 | श्री रमेश चन्द | 161 | 3375 | 43627 |
| | | | **योग** | **₹161015** |

**वार्ड नं0 7**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कांशी राम | 19 | 1350 | 15822 |
| 2 | श्री नानक राम | – | – | 15932 |
| 3 | श्री राम लाल | 69 | 1580 | 21594 |
| | | | **योग** | **₹53348** |
| | | | **कुल गृहकर राशि** | **₹768551** |

**(ख) गृहकर का निर्धारण न करने के फलस्वरूप नगर पंचायत को लाखों रूपये की हानिः–**

नगर पंचायत तलाई के अंकेक्षण अवधि 1.4.2015 से 31.3.2017 के दौरान जाँच में पाया गया कि पंचायत द्वारा अपनी सीमा क्षेत्र में बन रहे भवनों के नगर पंचायत द्वारा मापचित्र अनुमोदन के उपरान्त भवन मालिकों द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण करने पर नगर पंचायत द्वारा भवन मालिकों को बिजली व पानी के कनैक्शन प्राप्त करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (N.O.C.) जारी किये गये थे, परन्तु पंचायत द्वारा नये बने हुये भवनों का गृहकर निर्धारण नहीं किया गया जिसके फलस्वरूप इन भवन मालिकों से गृहकर की वसूली नहीं हुई थी। यह प्रक्रिया पिछले कई वर्षों से चल रही थी। गृहकर वसूली रजिस्टर के अनुसार लगभग वर्ष 2012–13 के पश्चात नगर पंचायत के गृहकर भुगतान कर्ताओं की सूची में बढ़ौतरी नहीं हुई है जोकि यह दर्शाती है कि वर्ष 2012–13 के पश्चात नगर पंचायत में जिन भवनों का निर्माण हुआ है एवं बिजली व पानी कनैक्शन हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये गये थे उनका नगर पंचायत द्वारा गृहकर निर्धारण मूल्य / राशि निर्धारित नहीं की है जोकि चिन्ता का विषय है। वर्ष 2012–13 के पश्चात निर्माण किये भवनों पर गृहकर की गणना न करने के फलस्वरूप नगर पंचायत को लाखों रूपये की हानि हुई। अंकेक्षण अवधि 1.4.2015 से

31.3.2017 में नये निर्माण किये गये भवनों के बिजली एवं पानी कनैक्शन हेतु जारी अनापत्ति प्रमाण पत्रों का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0सं0 | भवन मालिक का नाम | रसीद सं0 | राशि | अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री गुलाबा राम | 42/65 | 50 | 20.6.15 |
| 2 | श्री सुरेन्द्र कुमार | 47/65 | 25 | 23.6.15 |
| 3 | श्रीमती प्रेम लता | 50/65 | 25 | 23.6.15 |
| 4 | श्री पृथ्वी राम | 14/66 | 25 | 09.7.15 |
| 5 | श्री पवन कुमार | 46/66 | 100 | 04.8.15 |
| 6 | श्री सीता राम | 47/66 | 100 | 04.8.15 |
| 7 | श्री प्रदीप कुमार | 50/67 | 250 | 24.8.15 |
| 8 | श्री उदों राम | 1/68 | 500 | 24.8.15 |
| 9 | श्री श्याम सुन्दर | 3/68 | 50 | 25.8.15 |
| 10 | श्री तारा चन्द शर्मा | 5/68 | 250 | 26.8.15 |
| 11 | श्री सुख राम | 24/68 | 75 | 16.9.15 |
| 12 | श्री सुरेन्द्र कुमार | 30/68 | 25 | 26.9.15 |
| 13 | श्री विनोद कुमार | 34/68 | 250 | 26.9.15 |
| 14 | श्री राकेश कुमार | 01/70 | 250 | 09.12.15 |
| 15 | श्री राकेश कुमार | 8/70 | 250 | 14.12.15 |
| 16 | श्री राजेन्द्र सिंह | 12/71 | 250 | 29.1.16 |
| 17 | श्री प्यारे चन्द | 23/71 | 25 | 15.2.16 |
| 18 | श्री ध्यान चन्द | 29/71 | 50 | 18.2.16 |
| 19 | श्री विजय कुमार | 30/71 | 50 | 20.2.16 |
| 20 | श्रीमती रत्नी देवी | 34/71 | 25 | 26.2.16 |
| 21 | श्री शंकर दास | 45/71 | 25 | 02.3.16 |
| 22 | श्री हरवंस सिंह | 07/73 | 1050 | 16.3.16 |
| 23 | श्रीमती लता देवी | 16/73 | 350 | 17.3.16 |
| 24 | श्री रघुवीर सिंह | 27/73 | 500 | 18.3.16 |
| 25 | श्री रत्न चन्द | 40/74 | 300 | 26.3.16 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 26 | श्री रणजीत सिंह | 49/75 | 350 | 31.3.16 |
| 27 | श्री सुरेन्द्र सिंह | 8/77 | 250 | 13.4.16 |
| 28 | श्री हरबंस लाल | 6/78 | 250 | 02.6.16 |
| 29 | श्री नंद लाल | 38/79 | 250 | 31.8.16 |
| 30 | श्री मदन लाल | 8/82 | 250 | 11.1.17 |
| 31 | श्री सुरेन्द्र कुमार | 9/83 | 275 | 03.3.17 |
| 32 | श्री गूँजा राम | 28/83 | 50 | 09.3.17 |
| 33 | श्री नवीन कुमार | 41/83 | 50 | 10.3.17 |
| 34 | श्री मुकेश कुमार | 8/84 | 500 | 15.3.17 |

नये भवनों को उनकी निर्माण पूर्ण करने की तिथि से नगर पालिका अधिनियम एवं सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों के अनुसार गृहकर की गणना न करने बारे औचित्य स्पष्ट किया जाये। नगर पालिका अधिनियम एवं सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार वर्ष 2012–13 से 2014–15 तक नगर पंचायत स्त्तर पर भवन निर्माण पूर्ण करने की तिथि से अब नियमानुसार भवन कर (गृहकर) निर्धारण निर्धारित करके सम्बन्धित भवन मालिकों से गृहकर की वसूली सुनिश्चित करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण के दौरान अवगत करवाया जाये।

## 11 दुकानों के किराये की बकाया ₹0.67 लाख की वसूली न करनाः–

**(क)** नगर पंचायत तलाई द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई **परिशिष्ट "झ"** की सूचना के अनुसार दिनांक 31.3.2017 तक दुकानों के किराये की बकाया ₹67217 वसूली हेतु शेष पड़ी थी। नगर पंचायत द्वारा किराये की वसूली हेतु कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। अतः मासिक किराये की राशि नियमित रूप से प्राप्त न किये जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए। हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1994 में दिए गए प्रावधानों के अनुसार सम्बन्धित दुकानदारों को नोटिस जारी किए जाए तथा नियम 258 के उप नियम (2) तथा (3) के प्रावधानों के अनुसार किराया न देने वाले दुकानदारों के विरूद्ध कार्यवाही करके बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित करें।

**(ख)** इसके अतिरिक्त केन्द्रीय आबकारी एवं कराधान विभाग के सेवाकर अधिनियम के अनुसार किराये से प्राप्त आय पर सेवाकर का भुगतान किया जाना अपेक्षित था लेकिन नगर पंचायत तलाई द्वारा वर्ष 2015–16 व 2016–17 के दौरान किराये से प्राप्त आय पर निम्न

संलग्न विवरणानुसार देय सेवाकर ₹9852 को केन्द्रीय आबकारी एवं कराधान विभाग को भुगतान नहीं किया गया था।

सेवाकर अधिनियम के अनुसार केन्द्रीय आबकारी एवं कराधान विभाग को सेवाकर का भुगतान न करने बारे औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा सेवाकर की ₹9852 को केन्द्रीय आबकारी एवं कराधान विभाग को भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त सेवाकर की देय राशि का सम्बन्धित संस्था/विभाग को समय पर भुगतान न करने पर सरकारी प्राप्तियों का दुरूपयोग किया गया है।

सरकारी प्राप्तियों को समय पर जमा न करने के कारण यदि केन्द्रीय आबकारी एवं कराधान विभाग द्वारा कोई दण्ड (Penality) लगाई जाती है तो उसके लिए सम्बन्धित आहरण एवं संवितरण अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा। अतः सेवाकर की उक्त देय राशि का सम्बन्धित विभाग को भुगतान करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में भी समय पर नियमानुसार देय सेवाकर का भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| माह/वर्ष | किराये से प्राप्त राशि | सेवाकर % | सेवाकर की भुगतान योग्य राशि |
|---|---|---|---|
| 4/2015 | – | – | – |
| 5/2015 | 7000 | 12.36% | 865 |
| 6/2015 | 14000 | 14% | 1960 |
| 7/2015 | – | – | – |
| 8/2015 | 1000 | 14% | 140 |
| 9/2015 | 1000 | 14% | 140 |
| 10/2015 | – | – | – |
| 11/2015 | – | – | – |
| 12/2015 | 3360 | 14.5% | 487 |
| 1/2016 | – | – | – |
| 2/2016 | – | – | – |
| 3/2016 | 6000 | 14.5% | 870 |
| 4/2016 | 2000 | 14.5% | 290 |
| 5/2016 | – | – | – |
| 6/2016 | – | – | – |



N.P. Talai

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7/2016 | – | – | – |
| 8/2016 | 5000 | 15% | 750 |
| 9/2016 | – | – | – |
| 10/2016 | – | – | – |
| 11/2016 | 5000 | 15% | 750 |
| 12/2016 | – | – | – |
| 1/2017 | – | – | – |
| 2/2017 | – | – | – |
| 3/2017 | 24000 | 15% | 3600 |
| | | **कुल राशि** | **=9852** |

**12 श्री विनोद कुमार, लिपिक को दिनांक 11.7.2006 से अनियमित रूप से कनिष्ठ सहायक के पद पर स्थानापन्न करने के फलस्वरूप ₹3.13 लाख का अधिक भुगतानः–**

अतिरिक्त मुख्य सचिव शहरी विकास हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या यू0डी0बी0 (1)–1/2010 पार्ट–III दिनांक 28.1.2015 द्वारा हिमाचल प्रदेश में नगर परिषद व नगर पंचायत स्तर के कुछ कर्मचारियों जिनमें लिपिक वर्ग भी शामिल है की सेवाओं को परिषद स्तरीय/पंचायत स्तरीय किया गया था। इससे पहले लिपिक वर्ग की सेवायें राज्य स्तरीय थी।

इसके पश्चात अतिरिक्त मुख्य सचिव शहरी विकास हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या यू0डी0बी0 (1)–1/2010 पार्ट–III दिनांक 4.4.2015 द्वारा नगर परिषदों/नगर पंचायतों को नियुक्ति प्राधिकारी (Apointing Authority) घोषित किया गया था। नगर पंचायत तलाई में दिनांक 28.1.2015 को लिपिक के दो पद भरे थे जिनमें निम्न कर्मचारी कार्यरत्त थेः–

| **क्र0सं0** | **कर्मचारी का नाम** | **लिपिक पद पर कार्य ग्रहण की तिथि** |
|---|---|---|
| 1 | श्री मेहर सिंह | 1.8.1991 |
| 2 | श्री विनोद कुमार | 11.7.2001 |

नगर पंचायत तलाई द्वारा प्रस्ताव संख्या 243 दिनांक 3.10.2015 द्वारा श्री विनोद कुमार लिपिक को दिनांक 11.7.2006 से कनिष्ठ सहायक के पद पर स्थानापन्न किया गया था। कनिष्ठ सहायक के पद पर स्थानापन्न करने के पश्चात कार्यालय आदेश संख्या NPT

(Estt.)/Placement/2015-1537-1541 दिनांक 16.11.15 द्वारा श्री विनोद कुमार का वेतन निम्न प्रकार से निर्धारित किया गया था।

| | |
|---|---|
| दिनांक 11.7.2006 को लिपिक के वेतनमान ₹5910–20200+1900 ग्रेड पे में वेतन | 7080+1900=8980 |
| दिनांक 11.7.2006 को कनिष्ठ सहायक के वेतनमान ₹5910–20200+2800 ग्रेड पे में वेतन निर्धारण (Intial Start of above scale ₹11170) | ₹8370+2800=11170 |
| 1.7.2007 वार्षिक वेतन वृद्धि | 8710+2800=11510 |
| 1.7.2008 वार्षिक वेतन वृद्धि | 9060+2800=11860 |
| 1.7.2009 वार्षिक वेतन वृद्धि | 9420+2800=12220 |
| 1.7.2010 वार्षिक वेतन वृद्धि | 9790+2800=12590 |
| 1.7.2011 वार्षिक वेतन वृद्धि | 10170+2800=12970 |
| 1.7.2012 वार्षिक वेतन वृद्धि | 10560+2800=13360 |
| पद/पर्वग वार 1.10.2012 से संशोधित वेतनमान 10300–34800+3600 ग्रेड पे में वेतन निर्धारण | 10560+3600=14160 |
| 1.7.2013 वार्षिक वेतन वृद्धि | 10990+3600=14590 |
| 1.7.2014 वार्षिक वेतन वृद्धि | 11430+3600=15030 |
| 1.7.2015 वार्षिक वेतन वृद्धि | 11880+3600=15480 |
| 1.7.2016 वार्षिक वेतन वृद्धि | 12350+3600=15950 |
| 1.7.2017 वार्षिक वेतन वृद्धि | 12830+3600=16430 |

**उपरोक्त वेतन निर्धारण के मामले में निम्न अनियमिततायें पाई गई**

नगर पंचायत के लिपिक वर्ग की सेवाओं को 28.1.2015 से नगर पंचायत स्तर की किया गया था। इससे पहले नगर पंचायत के लिपिक वर्ग की सेवायें राज्य स्तर की थी तथा वरिष्ठता सूची भी राज्य स्तर की ही होनी चाहिए थी। दिनांक 28.1.2015 से पूर्व अवधि से नगर पंचायत लिपिक वर्ग के कर्मचारियों को कनिष्ठ सहायक के पद पर स्थानापन्न करने हेतु सक्षम नहीं थी। अतः श्री विनोद कुमार, लिपिक को दिनांक 11.7.2006 से कनिष्ठ सहायक के पद पर स्थापनान्न करने बारे औचित्य स्पष्ट किया जाए।

श्री विनोद कुमार, लिपिक को दिनांक 11.7.2006 से अनियमित रूप से कनिष्ठ सहायक के पद पर स्थानापन्न करने के कारण उन्हें दिनांक 11.7.2006 से दिनांक 31.8.2017 तक ₹312935 का अधिक भुगतान किया गया है जिसका विवरण **परिशिष्ट "ञ"** पर दिया गया है। अधिक भुगतान राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

उपरोक्त मामला अंकेक्षण अधियाचना संख्या 253 दिनांक 13.9.2017 द्वारा सचिव नगर पंचायत तलाई के ध्यान में लाया गया था लेकिन सचिव नगर पंचायत तलाई द्वारा उपरोक्त सन्दर्भ में कोई उत्तर नहीं दिया गया।

**13 नगर पंचायत के कर्मचारियों को अनियमित रूप से सुनिश्चित प्रगतिशील योजना 4, 9, 14 के अन्तर्गत लाभ प्रदान पर ₹1.72 लाख का अधिक भुगतानः—**

विशेष सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या फिन (पी आर)—बी (7)—64/2010 दिनांक 26.2.2013 द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार पैरा 3 में स्पष्ट किया गया था कि जिन कर्मचारियों को पद/पर्वग वार संशोधित वेतनमानों में दिनांक 1.10.2012 से लाभ प्रदान किया गया है। उन कर्मचारियों को सुनिश्चित प्रगतिशील योजना 4, 9, 14 के अन्तर्गत लाभ प्रदान करने हेतु दिनांक 1.10.2012 से स्वीकृत पद/पर्वग वार वेतन मान को वित्तीय लाभ मानकर इन कर्मचारियों को 4, 9, 14 का लाभ प्रदान करने हेतु दिनांक 1.10.2012 से गणना की जानी थी। अंकेक्षण के दौरान अभिलेखों की जाँच करने पर पाया गया कि नगर पंचायत तलाई के निम्न कर्मचारियों को निम्न विवरणानुसार अनियमित रूप से सुनिश्चित प्रगतिशील योजना के अन्तर्गत लाभ प्रदान किया गया था।

